उत्तराखंड में फिल्मों की शूटिंग पर मिलेंगे तीन-तीन करोड़ रुपए

चर्चा में क्यों?

7 नवंबर, 2023 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुंबई में फिल्म इंडस्ट्री के निर्माता-निर्देशकों और कलाकारों को प्रस्ताव देते हुए एलान किया है कि राज्य में हिंदी फिल्म और वेब सीरीज की शूटिंग पर उत्तराखंड सरकार अब तीन-तीन करोड़ रुपए की अनुदान देगी।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने फिल्म इंडस्ट्री के निर्माता-निर्देशकों और कलाकारों से मुलाकात करके उत्तराखंड में फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने के प्रयासों पर चर्चा की और मुंबई के लोगों को उत्तराखंड में शूटिंग के लिये आमंत्रित किया।
- प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीएम धामी ने बताया कि राज्य सरकार ने उत्तराखंड में शूटिंग को बढ़ावा देने के लिये अब फिल्मों के अलावा वेब सीरीज की शूटिंग पर भी अनुदान देने का फैसला किया है।
- उन्होंने बताया कि फिल्मों को मिलने वाली राशि को दोगुना कर दिया है। अब राज्य में हिंदी फिल्मों की शूटिंग करने पर तीन करोड़ रुपए, क्षेत्रीय फिल्मों की शूटिंग पर दो करोड़ रुपए और वेब सीरीज की शूटिंग पर तीन करोड़ रुपए की सब्सिडी मिलेगी।
- गौरतलब है कि उत्तराखंड में शूटिंग के लिये अब तक हिंदी फिल्मों की शूटिंग पर 1.50 करोड़ रुपए, क्षेत्रीय भाषा की फिल्मों के लिये 25 लाख रुपए और दूसरे प्रदेशों की क्षेत्रीय भाषा फिल्मों की शूटिंग पर 15 लाख रुपए का अनुदान दिया जाता है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस दौरान इस बात की भी घोषणा की कि अगर कोई उत्तराखंड में शूटिंग के लिये स्टूडियो खोलना चाहता है तो उसे 50 लाख रुपए, थियेटर खोलने के लिये 25 लाख रुपए और पोस्ट प्रोडक्शन स्टुडियो के लिये 25 लाख रुपए का अनुदान दिया जाएगा।
- शूटिंग के लिये सिंगल विंडो सिस्टम व्यवस्था शुरू किये जाने के अलावा उन्होंने ये भी बताया कि शूटिंग के लिये आने वाली प्रोडक्शन टीम को होटल में ठहरने के लिये 50 प्रतिशत डिस्काउंट दिया जाएगा और शूटिंग के दौरान सुरक्षा का पूरा इंतजाम रखा जाएगा।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rs-3-crore-each-will-be-given-on-shooting-of-films-in-uttarakhand